# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 30/10/2024 |
| Exam Time | 12:30 PM - 2:30 PM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** वह अनुपात ज्ञात कीजिए जिसमें ₹7.20/kg मूल्य के चावल को ₹5.70/kg मूल्य के चावल के साथ मिलाया जाना चाहिए ताकि ₹6.30/kg मूल्य का मिश्रण तैयार किया जा सके।

**Ans** A). 4 : 5 B). 2 : 3 C). 3 : 4 D). 1 : 3 **Correct Answer: B**

**Q.2** 12 cm आधार त्रिज्या और 49 cm ऊंचाई वाले बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल क्या होगा?

($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

**Ans** A). $6336\ cm^2$ B). $3120\ cm^2$ C). $3696\ cm^2$ D). $5260\ cm^2$ **Correct Answer: C**

**Q.3** रघु दो अलग-अलग व्यक्तियों को समान समय के लिए क्रमशः 7% वार्षिक और 8% वार्षिक दर से साधारण ब्याज पर ₹9,600 और ₹11,800 उधार देता है। यदि उसे दोनों से कुल ब्याज के रूप में ₹9,696 प्राप्त हुए थे, तो धनराशियां कितनी समयावधि के लिए उधार दी गई थीं?

**Ans** A). 6 वर्ष B). 12 वर्ष C). 10 वर्ष D). 8 वर्ष **Correct Answer: A**

**Q.4** प्रथम 9 पूर्ण संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 3 B). 4.5 C). 5 D). 4 **Correct Answer: D**

**Q.5** किस राशि (₹ में) पर 16% प्रति वर्ष की ब्याज दर से 2 वर्षों में ₹360 का साधारण ब्याज अर्जित होगा?

**Ans** A). 1850 B). 2250 C). 725 D). 1125 **Correct Answer: D**

**Q.6** एक व्यक्ति ने तिरुपति से तिरुमाला तक 20 km/h की चाल से यात्रा की और 4 km/h की चाल से चलकर वापस लौटा। यदि पूरी यात्रा में 24 घंटे लगे, तो तिरुमाला और तिरुपति के बीच की दूरी (km में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 30 B). 25 C). 20 D). 80 **Correct Answer: D**

**Q.7** अमन, भीम और रहमान क्रिकेट खेलते हैं, अमन के रन और भीम के रन तथा भीम के रन और रहमान के रन का अनुपात 5 : 4 है। वे मिलकर 549 रन बनाते हैं। रहमान ने कितने रन बनाए?

**Ans** A). 158 B). 144 C). 108 D). 132 **Correct Answer: B**

**Q.8** एक दुकानदार ने एक वस्तु 4% के लाभ पर बेची। यदि उसने वस्तु को 5% कम मूल्य पर खरीदा होता और ₹30 अधिक पर बेचा होता, तो उसे 12% का लाभ होता। वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) कितना है?

**Ans** A). 1,250 B). 1,260 C). 1,200 D). 1,232 **Correct Answer: A**

**Q.9** 16 व्यक्तियों में से 14 व्यक्तियों का औसत वजन 75 kg है। शेष दो व्यक्तियों का कुल वजन सभी 16 व्यक्तियों के औसत वजन से 48 kg अधिक है। शेष दो व्यक्तियों का औसत वजन ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 66.6 kg B). 54.6 kg C). 60.6 kg D). 48.6 kg **Correct Answer: C**

**Q.10** एक विक्रेता ₹5 में 6 की दर से एक निश्चित संख्या में केले खरीदता है और उन्हें ₹3 में 4 की दर पर बेच देता है। उसका हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans A). 12% B). 10% C). 15% D). 8%

Correct Answer: B

**Q.11** लोहे की एक गोलाकार गेंद बनाई जानी है। यदि गेंद की त्रिज्या 3 cm है और लोहे का प्रति $cm^3$ वजन 30 g है, तो गेंद का वजन क्या होगा?

Ans A). 1040π g B). 108π g C). 1080π g D). 104π g

Correct Answer: C

**Q.12** एक कर्मचारी का वेतन पहले 30% बढ़ाया गया और बाद में 28.5% कम कर दिया गया। उसके वेतन में निवल परिवर्तन कितना हुआ?

Ans A). 6.05% की वृद्धि B). 8.05% की वृद्धि C). 9.05% की कमी D). 7.05% की कमी

Correct Answer: D

**Q.13** एक पुलिसकर्मी एक चोर को 50 m की दूरी पर देखता है और 7 m/s की चाल से उसका पीछा करना शुरू कर देता है, जबकि चोर 5 m/s की चाल से दौड़ता है। चोर के पकड़े जाने पर उसके द्वारा तय की गई दूरी (m में) कितनी है?

Ans A). 175 B). 125 C). 100 D). 150

Correct Answer: B

**Q.14** 13.2 m व्यास और 14 m ऊर्ध्वाधर ऊंचाई वाले एक शंक्वाकार तंबू में, गेहूं के कितने भरे थैले खाली किए जा सकते हैं, यदि प्रत्येक थैले में गेहूं भरे जाने के लिए आवश्यक स्थान 29.04 $m^3$ है? [$\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें]

Ans A). 28 B). 21 C). 22 D). 25

Correct Answer: C

**Q.15** 1 से 51 (इन दोनों को मिलाकर) तक की विषम संख्याओं का औसत क्या होगा?

Ans A). 25 B). 24 C). 26 D). 26.5

Correct Answer: C

**Q.16** 4 वर्षों के लिए 8% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 840 B). 760 C). 800 D). 740

Correct Answer: C

**Q.17** $\frac{221}{488}$ का न्यूनतम पद ज्ञात करें।

Ans A). $\frac{121}{488}$ B). $\frac{121}{288}$ C). $\frac{221}{488}$ D). $\frac{221}{288}$

Correct Answer: C

**Q.18** एक कपड़े की दुकान पर लगे बैनर पर विज्ञापन छपा है '2 खरीदें और 5 पाएँ'। दुकानदार ने सभी कमीजों पर एक ही राशि अंकित की है। गौरव उसका रिश्तेदार था और दुकानदार ने उसे कुल बिल पर 2% की अतिरिक्त छूट दी। गौरव ने 5 कमीजें खरीदी और ₹1,274 का भुगतान किया। प्रत्येक कमीज के अंकित मूल्य की गणना करें।

Ans A). ₹650 B). ₹260 C). ₹520 D). ₹630

Correct Answer: A

**Q.19** निम्नलिखित तालिका पाँच विद्यार्थियों (A,B,C,D और E) द्वारा अलग-अलग विषयों में प्राप्त अंकों का प्रतिशत दर्शाती है। (अधिकतम अंक विषयों के बगल में दिए गए हैं)


| विषय / विद्यार्थी | उर्दू 200 | संस्कृत 200 | संगीत 200 | हिंदी 200 | अंग्रेजी 200 |
|---|---|---|---|---|---|
| A | 60 | 80 | 90 | 60 | 90 |
| B | 90 | 70 | 80 | 70 | 40 |
| C | 70 | 90 | 90 | 80 | 70 |
| D | 80 | 60 | 70 | 90 | 80 |
| E | 90 | 50 | 80 | 80 | 80 |

विद्यार्थी A ने अंग्रेजी में, उसी विषय में विद्यार्थी E द्वारा प्राप्त किए गए अंकों की तुलना में कितने अधिक या कम अंक प्राप्त किए?

Ans A). 20 अधिक B). 20 कम C). 15 अधिक D). 15 कम

Correct Answer: A

**Q.20** दिया गया बार ग्राफ, परीक्षा I और परीक्षा II में पांच विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों को दर्शाता है। प्रश्न का उत्तर देने के लिए बार ग्राफ का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए।




**संदर्भ: Marks = अंक, students = विद्यार्थी, Surya = सूर्या, Kiran = किरन, Mukesh = मुकेश, Naveen = नवीन, Suresh = सुरेश, Exam-I = परीक्षा-I, Exam-II = परीक्षा-II**

**यदि परीक्षा-I में सुरेश द्वारा प्राप्त अंकों में मूल अंक के 14% की वृद्धि की गई, तो परीक्षा-I में उसका नया अनुमानित प्रतिशत (approximate percentage) कितना होगा, यदि परीक्षा-I में अधिकतम अंक 140 थे?**

**Ans** A). 57% B). 38% C). 47% D). 41%

**Correct Answer: D**

Section : **Reasoning Ability and Problem Solving**

**Q.1** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी सेब, आम हैं।
कोई आम, कीवी नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई सेब, कीवी नहीं है।
(II) कोई कीवी, आम नहीं है।

**Ans** A). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है B). न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है C). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है D). निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं

**Correct Answer: D**

**Q.2** एक निश्चित कूट भाषा में, 'HOME' को '5317' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'EAST' को '6528' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 7 B). 5 C). 6 D). 8

**Correct Answer: B**

**Q.3** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
CEB, GHE, KKH, ONK, ?

**Ans** A). SQN B). TQO C). SQO D). TQN

**Correct Answer: A**

**Q.4** AFKO अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर एक निश्चित प्रकार से CHMQ से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार, ILRS, KNTU से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, BDGI निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). HDJI B). SIND C). DFIK D). RTUI

**Correct Answer: C**

**Q.5** सात लोग A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। F, C के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। A और C का निकटतम पड़ोसी E है। G, D के दाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है।

G के सापेक्ष B का स्थान क्या है?

Ans A). बाएँ से दूसरा B). ठीक दाएँ ओर C). दाएँ से दूसरा D). दाएँ से तीसरा

**Correct Answer: A**

---

**Q.6** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है और पैटर्न को पूरा कर सकती है।

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| P | E | S | E | ↑ | O | 6 | ♡ | A | ♡ | D | O | |
| ↑ | A | 6 | P | S | D | D | S | P | 6 | A | ↑ | ? |
| O | D | ♡ | A | ♡ | 6 | O | ↑ | E | S | E | P | |

Ans

A).

| | | |
|---|---|---|
| P | E | S |
| ↑ | O | 6 |
| A | D | ♡ |

B).

| | | |
|---|---|---|
| D | 6 | S |
| ♡ | A | E |
| O | P | ↑ |

C).

| | | |
|---|---|---|
| D | 6 | S |
| ♡ | O | E |
| A | P | ↑ |


D).

| | | |
|---|---|---|
| P | E | S |
| ↑ | A | 6 |
| O | D | ♡ |


**Correct Answer: D**


---


**Q.7** उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए जो पैटर्न को पूरा करने के लिए नीचे दी गई आकृति में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।





Ans

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: C**

---

**Q.8** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर HLTE किसी निश्चित प्रकार से DHPA से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार, VBNW, RXJS से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, MUXK निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). IQSF B). IQTG C). JRUG D). IPSF

**Correct Answer: B**

---

**Q.9** A, B, C, D, E, F, और G, एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। E के दाईं ओर से गिनने पर, E और F के बीच में केवल 3 व्यक्ति बैठे हैं। A और D दोनों G के निकटतम पड़ोसी हैं। B, C के ठीक दाईं ओर बैठा है। B और D के बीच में केवल 1 व्यक्ति बैठा है। A के दाईं ओर से गिनने पर A और E के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). 1 B). 3 C). 4 D). 2

**Correct Answer: B**


---

**Q.10** एक निश्चित कूट भाषा में, 'PEN' को '16-05-14' लिखा जाता है और 'CAR' को '03-01-18' लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'KITE' को कैसे लिखा जाएगा?


Ans A). 10-12-20-03 B). 11-09-20-05 C). 10-09-20-05 D). 11-10-20-04


**Correct Answer: B**


**Q.11** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे "?" के स्थान पर रखे जाने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।




**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: D**

---

**Q.12** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 20, 401 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 15, 226 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 18, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 364 B). 325 C). 346 D). 352

**Correct Answer: B**

---

**Q.13** दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**4, 10, ?, 82, 244, 730, 2188**

**Ans** A). 20 B). 28 C). 38 D). 21

**Correct Answer: B**

---

**Q.14** निम्नलिखित में से किन चिह्नों को आपस में बदलने पर दिया गया समीकरण सही हो जाएगा?

**96 × 8 − 15 ÷ 5 + 100 = 37**

**Ans** A). − और ÷ B). × और − C). × और + D). ÷ और ×

**Correct Answer: D**

---

**Q.15** यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
**2 ÷ 90 × 5 – 4 + 10 = ?**

**Ans** A). 37 B). 29 C). 30 D). 35

**Correct Answer: C**

---

**Q.16** नीचे तीन कथन दिए गए हैं, जिसके बाद 1 और 2 क्रमांकित दो निष्कर्ष दिए गए हैं। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**
**कुछ जीन्स, पैंट हैं।**
**कोई पैंट, शर्ट नहीं है।**
**कुछ शर्ट, टी-शर्ट हैं।**

**निष्कर्ष:**
**1. कुछ टी-शर्ट, शर्ट हैं।**
**2. कुछ टी-शर्ट, जीन्स हैं।**

**Ans** A). केवल निष्कर्ष 2 अनुसरण करता है B). न तो निष्कर्ष 1 और न ही 2 अनुसरण करता है C). केवल निष्कर्ष 1 अनुसरण करता है D). निष्कर्ष 1 और 2 दोनों अनुसरण करते हैं

**Correct Answer: C**

---

**Q.17** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'JUGS' को '3715' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'GOLD' को '6524' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'G' के लिए क्या कूट होगा?

**Ans** A). 4 B). 5 C). 6 D). 1

**Correct Answer: B**

**Q.18** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 79, 164 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 98, 183 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 112 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 187 B). 182 C). 195 D). 197 **Correct Answer: D**

**Q.19** किसी कूट भाषा में, 'PINK' को 'WFUH' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'DORM' को 'KLYJ' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'BUGI' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

**Ans** A). KSNE B). JROF C). KSOE D). IRNF **Correct Answer: D**

**Q.20** यदि दर्पण को नीचे दिखाए गए अनुसार MN पर रखा जाए, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।




**Ans** A).  B).  C).  D). 

**Correct Answer: D**

Section : **General Awareness**

**Q.1** निम्नलिखित में से किस राज्य में द्विसदनीय (दो सदनों वाला) राज्य विधानमंडल (state legislature) है?

**Ans** A). गोवा B). कर्नाटक C). पश्चिम बंगाल D). पंजाब **Correct Answer: B**

**Q.2** हिंदी उपन्यास 'झूठा सच' किसने लिखा है?

**Ans** A). जयशंकर प्रसाद B). प्रेमचंद C). श्रीलाल शुक्ल D). यशपाल **Correct Answer: D**

**Q.3** हड़प्पा, जो कि हड़प्पा संस्कृति के स्थलों में से एक था, आजादी के पहले के भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में पाया गया था?

**Ans** A). संयुक्त प्रांत B). सिंध C). पंजाब D). बलूचिस्तान **Correct Answer: C**

**Q.4** रोहन बोपन्ना किस वर्ष लॉन टेनिस के पुरुष युगल वर्ग में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने?

**Ans** A). 2015 B). 2024 C). 2017 D). 2023 **Correct Answer: B**

**Q.5** भारत की वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्न में से किस केंद्र शासित प्रदेश की साक्षरता दर दूसरी सबसे अधिक है?

**Ans** A). चंडीगढ़ B). दमन और दीव C). अण्डमान और निकोबार D). लक्षद्वीप **Correct Answer: B**

**Q.6** स्मारकों को उनके संबंधित निर्माताओं के साथ सुमेलित करें।

| | स्मारक | | निर्माता |
|---|---|---|---|
| A | दिल्ली में जामा मस्जिद | 1 | बाबर |
| B | इलाहाबाद का किला | 2 | शेरशाह |
| C | किला-ए-कुहना मस्जिद | 3 | शाहजहां |
| D | संभल में जामा मस्जिद | 4 | अकबर |

**Ans** A). A-3, B-4, C-2, D-1 B). A-2, B-1, C-3, D-4 C). A-3, B-2, C-4, D-1 D). A-4, B-1, C-2, D-3 **Correct Answer: A**

**Q.7** **जुलाई 2023 तक की स्थिति के अनुसार, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार कौन हैं?**

Ans A). संजीव सान्याल B). राजीव गौबा C). राजनाथ सिंह D). अजीत डोभाल

**Correct Answer: D**

**Q.8** **एसएचजी (SHGs) के एसएपीएपी (SAPAP) में सशक्तिकरण मॉडल के तीन घटक क्या हैं?**

Ans A). सामूहिक सशक्तिकरण, पूंजी निर्माण और गरीबी उन्मूलन B). सामाजिक गतिशीलता, पूंजी निर्माण और गरीब की क्षमता निर्माण

C). सार्वजनिक संसाधन आवंटन, क्षमता निर्माण और सूक्ष्मवित्त D). सामाजिक गतिशीलता, आर्थिक विकास और शिक्षा

**Correct Answer: B**

**Q.9** **भारतीय सुधारक ज्योतिराव फुले मुख्य रूप से भारतीय समाज की किस सामाजिक बुराई के आलोचक थे?**

Ans A). गरीबी B). बाल विवाह C). जातिगत भेदभाव D). सती प्रथा

**Correct Answer: C**

**Q.10** **निम्नलिखित में से कौन-सी नदी मध्य प्रदेश से होकर बहती है?**

Ans A). श्योक B). भीमा C). शारदा D). बेतवा

**Correct Answer: D**

**Q.11** **बिसागु महोत्सव (Bwisagu Festival) के दौरान निम्नलिखित में से कौन-सा लोक नृत्य आयोजित किया जाता है?**

Ans A). बिहू नृत्य (Bihu dance) B). बागुरुम्बा (Bagurumba) C). झूमर (Jhumur) D). भोरताल (Bhortal)

**Correct Answer: B**

**Q.12** **संख्या 0.002609 में, सार्थक अंकों (significant figures) की संख्या ______ है।**

Ans A). सात B). छः C). तीन D). चार

**Correct Answer: D**

**Q.13** **दौलताबाद स्थित चाँद मीनार 210 फीट ऊँची, शुंडाकार मीनार (tapering tower) है जो _____ मंजिलों में विभाजित है।**

Ans A). चार B). पाँच C). छः D). तीन

**Correct Answer: A**

**Q.14** **दिए गए संकेतों के आधार पर हस्ती की पहचान कीजिए:**
**i) वह एक जानी-मानी भरतनाट्यम नृत्यांगना हैं।**
**ii) वह पद्म श्री 2016 पुरस्कार की प्राप्तकर्ता हैं।**

Ans A). प्रतिभा प्रह्लाद B). पद्मजा रेड्डी C). अरुणा मोहंती D). पद्मा शर्मा

**Correct Answer: A**

**Q.15** **'अट्टोलू ईद्‌ (Attolu Eidu)' निम्नलिखित में से किस केंद्र शासित प्रदेश का सांस्कृतिक त्योहार है?**

Ans A). दादरा और नगर हवेली B). जम्मू और कश्मीर C). लक्षद्वीप D). अंडमान और निकोबार द्वीप समूह

**Correct Answer: C**

**Q.16** **कबड्डी में अंक हासिल करने के लिए रेडर (raider) को जिस लाइन को पार करना होता है, उसके लिए किस शब्द का प्रयोग किया जाता है?**

Ans A). बॉक लाइन (Baulk line) B). हाफ लाइन (Half line) C). बोनस लाइन (Bonus line) D). सेंटर लाइन (Centre line)

**Correct Answer: A**

**Q.17** **निम्नलिखित में से कौन-सा, अम्ल और क्षार का प्राकृतिक सूचक (natural indicator) है?**

Ans A). शैवाल (Algae) B). करी ट्री (Curry tree) C). चाइना रोज (China rose) D). कवक (Fungi)

**Correct Answer: C**

**Q.18** **समुद्र तल पर समुद्री खाइयाँ (oceanic trenches) या संकीर्ण अवसाद (narrow depressions) _____________ के कारण बनते हैं।**

Ans A). थर्मोहेलिन परिसंचरण (thermohaline circulation) B). ज्वारीय धाराओं (tidal currents) C). विवर्तनिक गतिविधि (tectonic activity)

D). सुनामी (tsunamis)

**Correct Answer: C**

**Q.19** **सायनोबैक्टीरिया (Cyanobacteria), ______ के क्षेत्र (domain) से संबंधित हैं।**

Ans A). जैव अपघटकों (Decomposers) B). उत्पादकों (Producers) C). तृतीयक उपभोक्ताओं (Tertiary Consumers)

D). प्राथमिक उपभोक्ताओं (Primary Consumers)

**Correct Answer: B**

**Q.20** **निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन गलत है/हैं?**
**A) 1833 चार्टर अधिनियम द्वारा बंगाल के गवर्नर-जनरल के पदनाम को बदलकर भारत का गवर्नर-जनरल कर दिया गया था।**
**B) लॉर्ड विलियम बेंटिक (Lord William Bentick) भारत के पहले गवर्नर जनरल थे।**

Ans A). न तो A न हीं B B). केवल A C). केवल B D). A और B दोनों

**Correct Answer: D**

**Q.21** **10 अप्रैल 2023 को, भारत सरकार ने 'वाइब्रेंट विलेजेस प्रोग्राम' के माध्यम से __________ गांवों में पर्यटन अवसंरचना और सुविधाओं (tourism infrastructure and amenities) की शुरुआत की थी।**

Ans A). सीमावर्ती B). तटीय C). पहाड़ी D). रेगिस्तानी

**Correct Answer: A**

**Q.22** राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2023 (एक प्रगति समीक्षा) के अनुसार, बिहार राज्य में बहुआयामी गरीबी (कुल गणना अनुपात) वाली कुल जनसंख्या का प्रतिशत कितना है?

**Ans** A). 33.76% B). 45.98% C). 40.54% D). 36.12% **Correct Answer: A**

**Q.23** भारतीय शास्त्रीय संगीत के किस ग्रंथ की रचना पंडित शारंग देव (Pandit Sharanga Deva) द्वारा की गई थी?

**Ans** A). संगीत तरंग B). संगीत समय सार C). संगीत रत्नाकर D). संगीत मकरंद **Correct Answer: C**

**Q.24** निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय संविधान के मौलिक कर्तव्यों की मुख्य विशेषता नहीं है?

**Ans** A). वे कानून द्वारा लागू करने योग्य हैं और उन्हें अदालत में चुनौती दी जा सकती है। B). यह न्यायोचित नहीं है। C). मौलिक कर्तव्य प्रकृति में नागरिक और नैतिक दोनों हैं। D). मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों में स्पष्ट अंतर है। **Correct Answer: A**

**Q.25** कच्छ की खाड़ी के शीर्ष (head) पर स्थित किस बंदरगाह ने मुंबई बंदरगाह पर भार कम करने में मदद की है?

**Ans** A). हल्दिया B). कांडला C). कोलकाता D). कोच्ची **Correct Answer: B**

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1** Select the option that will improve the underlined part of the given sentence.

**I started feeling tired as I had been working for a long time and so I decided to call the day.**

**Ans** A). be called a day B). call off the day C). call it a day D). be a day for calling **Correct Answer: C**

**Q.2** Select the most appropriate option to fill in the blank.

**Please turn off the lights _________ leaving the house.**

**Ans** A). amid B). before C). between D). during **Correct Answer: B**

**Q.3** Select the INCORRECTLY spelt word.

**Ans** A). Abodomen B). Abolished C). Adverse D). Annoyed **Correct Answer: A**

**Q.4** The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.

**My mother said / that the thief / Ramesh will learnt / his lesson soon.**

**Ans** A). Ramesh will learnt B). his lesson soon. C). that the thief D). My mother said **Correct Answer: A**

**Q.5** Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment without changing its meaning in the given sentence.

**Entrepreneurial endeavours drive economic growth and innovation, empowering individuals to bring their ideas to fruition.**

**Ans** A). ventures contribute to economic flourishing B). pursuits manipulates economic success C). projects discourage economic prosperity D). actions spur economic recession **Correct Answer: A**

**Q.6** Select the option that can be used as a one-word substitute for the highlighted group of words in the given sentence.

**The tailor was called to stitch the long loose gowns worn by priests and choristers.**

**Ans** A). tuxedos B). cassocks C). frocks D). petticoats **Correct Answer: B**

**Q.7** Select the most appropriate adjective to fill in the blank.

**According to the chairman, his proposal was __________ than Mr. Jackson's.**

**Ans** A). ill B). bad C). worse D). worst **Correct Answer: C**

**Q.8** Select the INCORRECTLY spelt word from the given sentence.

**The explorer's adventuros spirit led to the discovery of an ancient civilisation.**

**Ans** A). Discovery B). Adventuros C). Explorer's D). Ancient **Correct Answer: B**

**Q.9** Select the most appropriate option to fill in the blanks.
He is going to _________ the campaign against excessive use of _________ in local production units.

**Ans** A). protest B). spice C). combat D). lead **Correct Answer: D**

**Q.10** **In the following sentence the underlined part contains an error. Alternatives to the underlined part are given as options. Select the correct alternative.**
**Wolfia is the <u>tiny</u> plant in the world.**

**Ans** A). most tiny B). tiniest C). more tiny D). tinier **Correct Answer: B**

**Q.11** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**Sree did not go to work today, as she was <u>feeling a bit under the weather.</u>**

**Ans** A). feeling nervous B). feeling tired C). feeling ill D). feeling excited **Correct Answer: C**

**Q.12** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Disappear B). Consensus C). Conceive D). Disapoint **Correct Answer: D**

**Q.13** **Select the most appropriate synonym of the underlined word in the given sentence.**
**James is just an old <u>eccentric.</u>**

**Ans** A). Ordinary B). Humble C). Follower D). Cranky **Correct Answer: D**

**Q.14** **Select the most appropriate ANTONYM for the underlined word in the given sentence.**

**He is a <u>lazy</u> person.**

**Ans** A). perfect B). casual C). popular D). hardworking **Correct Answer: D**

**Q.15** **Select the most appropriate ANTONYM that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**The family members described their dream home's architectural <u>elegance</u>.**

**Ans** A). fortitude B). coarseness C). gleam D). grandiosity **Correct Answer: B**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**The farmer stood by the roadside stand to sell his _________.**

**Ans** A). consequence B). volume C). productivity D). produce **Correct Answer: D**

**Q.17** **The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don’t find any error, mark ‘No error’ as your answer.**

**After the match, / the stadium was the messiest / it’s ever been.**

**Ans** A). After the match B). No Error C). it’s ever been D). the stadium was the messiest **Correct Answer: B**

**Q.18** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**I had to choose the <u>best of</u> the two options available.**

**Ans** A). best than B). better of C). good of D). better than **Correct Answer: B**

**Q.19** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains an error in phrasal verb.**

**Gita got onto / the book / she was reading / this morning.**

**Ans** A). this morning B). she was reading C). the book D). Gita got onto **Correct Answer: D**

**Q.20** **Identify the most appropriate ANTONYM of the word in brackets.**

**Her candid remarks were a (refreshing) change from the usual diplomatic responses.**

**Ans** A). Stale B). Bracing C). Revitalising D). Invigorating **Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The Enlightenment, sometimes known as the 'Age of Reason', is described as the period of (1)_________ scientific, political, and philosophical debate that characterised European culture (2) _________ the 'long' 18th century: from the late 17th century until the end of the Napoleonic Wars in 1815. This was an era of an enormous (3) _________ in thinking and reason, which historian Roy Porter describes as 'decisive in the formation of modernity'. Centuries of custom and tradition were (4) _________ in favour of exploration, individuality, tolerance, and scientific (5) _________, all of which contributed to the formation of the 'modern world'.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21 Select the most appropriate option to fill in blank number 1..**

**Ans** A). malicious B). cautions C). rigorous D). auspicious

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The Enlightenment, sometimes known as the 'Age of Reason', is described as the period of (1)_________ scientific, political, and philosophical debate that characterised European culture (2) _________ the 'long' 18th century: from the late 17th century until the end of the Napoleonic Wars in 1815. This was an era of an enormous (3) _________ in thinking and reason, which historian Roy Porter describes as 'decisive in the formation of modernity'. Centuries of custom and tradition were (4) _________ in favour of exploration, individuality, tolerance, and scientific (5) _________, all of which contributed to the formation of the 'modern world'.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22 Select the most appropriate option to fill in blank number 2..**

**Ans** A). above B). over with C). throughout D). along with

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The Enlightenment, sometimes known as the 'Age of Reason', is described as the period of (1)_________ scientific, political, and philosophical debate that characterised European culture (2) _________ the 'long' 18th century: from the late 17th century until the end of the Napoleonic Wars in 1815. This was an era of an enormous (3) _________ in thinking and reason, which historian Roy Porter describes as 'decisive in the formation of modernity'. Centuries of custom and tradition were (4) _________ in favour of exploration, individuality, tolerance, and scientific (5) _________, all of which contributed to the formation of the 'modern world'.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23 Select the most appropriate option to fill in blank number 3..**

**Ans** A). secure B). embed C). shift D). shield

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The Enlightenment, sometimes known as the 'Age of Reason', is described as the period of (1)_________ scientific, political, and philosophical debate that characterised European culture (2) _________ the 'long' 18th century: from the late 17th century until the end of the Napoleonic Wars in 1815. This was an era of an enormous (3) _________ in thinking and reason, which historian Roy Porter describes as 'decisive in the formation of modernity'. Centuries of custom and tradition were (4) _________ in favour of exploration, individuality, tolerance, and scientific (5) _________, all of which contributed to the formation of the 'modern world'.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24 Select the most appropriate option to fill in blank number 4..**

**Ans** A). defrosted B). dejected C). discarded D). demean

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The Enlightenment, sometimes known as the 'Age of Reason', is described as the period of (1)_________ scientific, political, and philosophical debate that characterised European culture (2) _________ the 'long' 18th century: from the late 17th century until the end of the Napoleonic Wars in 1815. This was an era of an enormous (3) _________ in thinking and reason, which historian Roy Porter describes as 'decisive in the formation of modernity'. Centuries of custom and tradition were (4) _________ in favour of exploration, individuality, tolerance, and scientific (5) _________, all of which contributed to the formation of the 'modern world'.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25 Select the most appropriate option to fill in blank number 5..**

**Ans** A). shirk B). doodle C). endeavour D). slacken

**Correct Answer: C**